Roll No. : ......................................

Total No. of Questions : **12** ] [ Total No. of Printed Pages : **8**

# CFMC–480

## M.Com. (Final) ABST Examination, 2023

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

Paper - V

## (Direct and Indirect Taxes)

*Time : **3** Hours* ] [ *Maximum Marks : **100***

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note*** :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note*** :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note*** :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A

## (खण्ड–अ)

1. (i) What do you mean by Domestic Company ?

घरेलू कम्पनी से क्या आशय है ?

(ii) When has an assessee to file return of Income ?

एक करदाता को आय का नक्शा कब दाखिल करना होता है ?

(iii) On which incomes a 'Non-resident' is liable to pay Income Tax ?

'अनिवासी' कौनसी आयों पर कर देने को दायी है ?

(iv) Explain deductions allowable in the computation of Total Income of Co-operative Societies ?

एक सहकारी समिति की कुल आय की गणना करते समय दी जाने वाली कटौतियों को समझाइए।

(v) What do you mean by 'Inward Supply' under Section 2(67) of the CGST Act ?

केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर धारा 2(67) में संदर्भित आवक आपूर्ति से आपका क्या आशय है ?

(vi) What do you mean by Continuous Supply of Goods ?

माल की निरन्तर पूर्ति से आपका क्या आशय है ?

(vii) State any *four* goods exempted under CGST Act, 2017.

केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के तहत कर-मुक्त किन्हीं **चार** वस्तुओं को बताइए।

(viii) What is meant by Reverse Charge ?

विपरीत प्रभार से क्या आशय है ?

(ix) On what type of supply IGST is levied ?

किस प्रकार की आपूर्ति पर एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर उद्गृहीत किया जाता है ?

(x) What do you mean by Intra-state Supply ?

राज्य के भीतर की आपूर्ति से आप क्या समझते हैं ?

**Section–B**

**(खण्ड–ब)**

2. What is meant by 'Best Judgement Assessment' ? Under what circumstances can recource be had to this method of assessment ?

'सर्वोत्तम निर्णय कर निर्धारण' से आप क्या समझते हैं ? कर निर्धारण की इस पद्धति को किन परिस्थितियों में अपनाया जा सकता है ?

3. The particulars of Indian income of a non-resident individual for the previous year ended 31st March, 2022 are as under :

| | | **(₹)** |
|---|---|---|
| (i) | Salary Received | 2,40,000 |
| (ii) | Taxable Income from House Property | 42,000 |
| (iii) | Short-term Capital Gains | 10,000 |
| (iv) | Long-term Capital Gains in respect of Land and Building | 60,000 |
| (v) | Long-term capital loss in respect of Share and Securities | 10,000 |
| (vi) | ½ Share of Profit from Firm | 40,000 |
| (vii) | Interest on Capital from Firm | 24,000 |
| (viii) | Causal Income | 13,000 |

He paid life-insurance premium ₹ 14,000 on a policy taken on his own life and donated a sum of ₹ 30,000 to an approved institution. Compute his total income.

31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले गतवर्ष की एक अनिवासी व्यक्ति की भारतीय आय का विवरण निम्न है : **(₹)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | वेतन प्राप्त किया | 2,40,000 |
| (ii) | मकान सम्पत्ति से कर योग्य आय | 42,000 |
| (iii) | अल्पकालीन पूँजी लाभ | 10,000 |
| (iv) | भूमि व भवन के सम्बन्ध में दीर्घकालीन पूँजी लाभ | 60,000 |
| (v) | अंश व प्रतिभूतियों के संबंध में दीर्घकालीन पूँजी हानि | 10,000 |
| (vi) | फर्म से लाभ का ½ भाग | 40,000 |
| (vii) | फर्म से प्राप्त पूँजी का ब्याज | 24,000 |
| (viii) | आकस्मिक आय | 13,000 |

उसने अपने जीवन पर ली गई एक पॉलिसी पर ₹ 14,000 जीवन बीमा प्रीमियम के चुकाये हैं। उसने अनुमोदित संस्थाओं को ₹ 30,000 का दान दिया है। उसकी कुल आय की गणना कीजिए।

4. From the following figures relating to the details of income of a co-operative society, you are required to find out its tax liability for the assessment year 2022–23 : **(₹)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Taxable Income from House Property | 40,000 |
| (ii) | Profits from other Business | 90,000 |
| (iii) | Profits from Cottage Industry | 50,000 |
| | **Total Income** | **1,80,000** |

The society has given a donation of ₹ 10,000 to the State Government for Family Planning Programme.

एक सहकारी समिति की आय के विवरण के संबंध में दिये गये आँकड़ों से आप कर-निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए इसका कर दायित्व निकालिए : **(₹)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | मकान सम्पत्ति से कर योग्य-आय | 40,000 |
| (ii) | अन्य व्यापार से लाभ | 90,000 |
| (iii) | कुटीर उद्योग से लाभ | 50,000 |
| | **कुल आय** | **1,80,000** |

समिति ने परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिए राज्य सरकार को ₹ 10,000 का दान दिया है।

5. Compute the Input Tax Credit available with Maruti Ltd., manufacturer of motor-cycle, in respect of the following services availed by it in the month of April, 2022 :

मारुति लिमिटेड जो मोटर-साइकिल के निर्माता हैं, को इनके द्वारा अप्रैल, 2022 में प्राप्त की गई निम्नलिखित सेवाओं के संबंध में उपलब्ध इनपुट कर जमा की गणना कीजिए :

| S.No. | Service Billed | Input Tax Paid (₹) |
|---|---|---|
| (i) | Sales promotion services | 45,000 |
| (ii) | Accounting and auditing services | 25,000 |
| (iii) | Health insurance services for employees | 36,000 |
| (iv) | Market research services | 27,000 |
| (v) | Hotel accommodation and conveyance facility to employees on vaction | 6,000 |
| (vi) | Quality control services | 38,000 |

6. Information regarding input and output supply of a trader are as follows :

एक व्यापारी को आवक एवं जावक पूर्ति की सूचना निम्न प्रकार से है :

| | (₹) | | |
|---|---|---|---|
| Inward Supply | 31,000 | Interstate | GST @ 12% |
| Outward Supply | 20,000 | Interstate | GST @ 12% |
| Outward Supply | 20,000 | Within the State | GST @ 12% |
| Inward Supply | 3,000 | Within the State | GST @ 12% |

Find Tax Liability. Under the prescribed rules, input tax credit should be utilised in such way so that amount payable in cash remain minimum.

कर दायित्व ज्ञात कीजिए। इनपुट कर जमा का उपयोग निर्धारित नियमों के तहत इस प्रकार कीजिए कि नकद भुगतान की जाने वाली राशि न्यूनतम हो।

7. Who are the persons not eligible to opt for Composition Scheme ?

वे कौनसे व्यक्ति हैं, जो समझौता योजना को अपनाने के लिए पात्र नहीं है ?

8. Write note on the following according to IGST Act, 2017 :

(i) Inter-state Supply of Goods and Services

(ii) Intra-state Supply of Goods and Services

एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के अनुसार निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) माल व सेवाओं की अन्तर्राज्यीय पूर्ति

(ii) माल व सेवाओं की राज्य के भीतर की पूर्ति

**Section–C**

**(खण्ड–स)**

9. Bharat Mills Limited is a domestic company in which the public are substantially interested. The following are the particulars of its income in respect of the previous year 2021–22 :

| | | (₹) |
|---|---|---|
| (i) | Interest on Govt. Securities | 1,05,000 |
| (ii) | Income from Business | 33,00,000 |
| (iii) | Short-term Capital Gains | 20,000 |
| (iv) | Long-term Capital Gains | 30,000 |
| (v) | Dividend (gross) from an Indian Company | 15,000 |
| (vi) | Dividend from a Foreign Company | 10,000 |
| (vii) | Book profit U/S 115-JB | 1,07,00,000 |

Compute company's total income and its net tax liability. Total turnover of the company during the previous year 2019–20 was more than ₹ 4,00 crore.

भारत मिल्स लिमिटेड एक घरेलू कम्पनी है, जिसमें जनता का सारवान हित है। गत वर्ष 2021–22 के संबंध में इसकी आय का विवरण निम्न है : **(₹)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | सरकारी प्रतिभूतियों से ब्याज | 1,05,000 |
| (ii) | व्यवसाय से आय | 33,00,000 |
| (iii) | अल्पकालीन पूँजी लाभ | 20,000 |
| (iv) | दीर्घकालीन पूँजी लाभ | 30,000 |
| (v) | एक घरेलू कम्पनी से लाभांश (सकल) | 15,000 |
| (vi) | एक विदेशी कम्पनी से लाभांश | 10,000 |
| (vii) | धारा 115-JB के तहत पुस्तक लाभ | 1,07,00,000 |

कम्पनी की कुल आय एवं इसके शुद्ध कर दायित्व की गणना कीजिए। गतवर्ष 2019–20 में कम्पनी का कुल आवर्त ₹ 400 करोड़ से अधिक था।

10. Who are Representative Assessees ? How are they assessed ? State their rights and duties.

प्रतिनिधि करदाता कौन होते हैं ? इन पर कर-निर्धारण कैसे किया जाता है ? इनके अधिकारों एवं दायित्वों को लिखिए।

11. PQR Limited, Kota is an authorised money changes under FEMA, 1999. During the quarter ending on 30th June, 2022 it has entered into the following transactions of supply of money changing :

(i) 500 transactions of conversion of US $ into Indian Rupees of ₹ 12,500 per transaction.

(ii) 200 transactions of conversion of US $ into Indian Rupees of ₹ 2 lakh per transaction.

(iii) 100 transactions of conversion of US $ into Indian Rupees of ₹ 4 lakh per transaction.

(iv) 100 transactions of conversion of EURO into Indian Rupees of ₹ 5 lakh per transaction.

(v) 20 transactions of conversion of EURO of ₹ 700 lakh per transaction.

(vi) 45 transactions of conversion of EURO into Indian Rupees of ₹ 500 lakh per transaction.

Compute the value of taxable supply and GST payable if PQR Limited opted for option under Rule 32 (2) (b) of CGST Act, 2017. Applicable GST rate is 18%.

PQR लिमिटेड, कोटा फेमा, 1999 में पंजीकृत है और मुद्रा परिवर्तन के लिए अधिकृत है। 30 जून, 2022 को समाप्त होने वाले तिमाही के दौरान उन्होंने मुद्रा परिवर्तन संबंधी निम्न लेन-देन किये :

(i) अमेरिकन डॉलर परिवर्तन के 500 सौदे, प्रत्येक सौदे की भारतीय रुपये में परिवर्तन की राशि ₹ 12,500।

(ii) अमेरिकन डॉलर परिवर्तन के 200 सौदे, प्रत्येक सौदे की भारतीय रुपये में परिवर्तन की राशि ₹ 2 लाख।

(iii) अमेरिकन डॉलर परिवर्तन के 100 सौदे, प्रत्येक सौदे की भारतीय रुपये में परिवर्तन की राशि ₹ 4 लाख।

(iv) यूरो परिवर्तन के 100 सौदे, प्रत्येक सौदे की भारतीय रुपये में परिवर्तन की राशि ₹ 5 लाख।

(v) अमेरिकन डॉलर के यूरो में परिवर्तन के 20 सौदे, प्रत्येक सौदे की यूरो में परिवर्तन की राशि ₹ 700 लाख।

(vi) यूरो परिवर्तन के 45 सौदे, प्रत्येक सौदे की भारतीय रुपये में परिवर्तन की राशि ₹ 500 लाख।

कर-योग्य पूर्ति का मूल्य एवं उस पर देय जी.एस.टी. ज्ञात कीजिए। यदि PQR लिमिटेड ने नियम 32 (2) (b) के विकल्प का प्रयोग किया हो एवं कर दी दर 18% हो।

12. Discuss provisions of IGST Act regarding determination of place of supply.

एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के तहत पूर्ति का स्थान निर्धारित करने वाले प्रावधानों की व्याख्या कीजिए।